# कार्यवाही विवरण

मेसर्स वंदना इंटरप्राईजेस, (प्रो. श्री सुनील कुमार अग्रवाल, बेलसरा डोलोमाईट स्टोन माईन), ग्राम–बेलसरा, तहसील–तखतपुर, जिला–बिलासपुर स्थित खसरा क्रमांक 216/1, 219/2, 216/4, 219/3, 216/2, 216/3, 218/1, 218/2, 219/1 एवं 220, कुल क्षेत्रफल–1.918 हेक्टेयर में प्रस्तावित डोलोमाईट (गौण खनिज) उत्खनन क्षमता–13,323.75 टन प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् दिनांक 07/09/2022 को समय दोपहर 12:00 बजे शासकीय हाई स्कूल मैदान लिम्हा, ग्राम–लिम्हा, तहसील–तखतपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में आयोजित लोकसुनवाई का कार्यवाही विवरण :–

भारत शासन पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 के प्रावधानों के अनुसार मेसर्स वंदना इंटरप्राईजेस, (प्रो. श्री सुनील कुमार अग्रवाल, बेलसरा डोलोमाईट स्टोन माईन), ग्राम–बेलसरा, तहसील–तखतपुर, जिला–बिलासपुर स्थित खसरा क्रमांक 216/1, 219/2, 216/4, 219/3, 216/2, 216/3, 218/1, 218/2, 219/1 एवं 220, कुल क्षेत्रफल–1.918 हेक्टेयर में प्रस्तावित डोलोमाईट (गौण खनिज) उत्खनन क्षमता–13,323.75 टन प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में लोक सुनवाई हेतु उद्योग के आवेदन के परिप्रेक्ष्य में स्थानीय समाचार पत्र दैनिक भास्कर, बिलासपुर में दिनांक 22/07/2022 तथा राष्ट्रीय समाचार पत्र द पायोनियर, नई दिल्ली के मुख्य संस्करण में दिनांक 22/07/2022 को लोक सुनवाई संबंधी सूचना प्रकाशित करवाई गई थी। तद्नुसार लोक सुनवाई दिनांक 07/09/2022 को दोपहर 12:00 बजे शासकीय हाई स्कूल मैदान लिम्हा, ग्राम–लिम्हा, तहसील–तखतपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में आयोजित की गई। ई.आई.ए. अधिसूचना 14.09.2006 (यथा संशोधित) के प्रावधानों के अनुसार ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालक सार की प्रति (हिन्दी व अंग्रेजी) एवं इसकी सी.डी. (साफ्ट कापी) जन सामान्य के अवलोकन/पठन हेतु कार्यालय कलेक्टर बिलासपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यालय जिला पंचायत बिलासपुर, अनुविभागीय अधिकारी (रा0), कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोटा/तखतपुर/बिलासपुर, जिला–बिलासपुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, कार्यालय नगर पालिका परिषद तखतपुर/कोटा, जिला–बिलासपुर, महाप्रबंधक, कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बिलासपुर, क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, व्यापार विहार पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, बिलासपुर, सरपंच/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत–बांधा, बेलपान, बेलसरा, भीमपुरी, विजयपुर, दर्री, डोमनपुर, गमजू, जूनापारा, कंचनपुर, करनकांपा, लिम्हा, पाली, पोंडी, पूरा, –रानीडेरा (सकेरी), सिलतरा, सोनबंधा, ठाकुरकांपा, तहसील–तखतपुर एवं कुसमौली, मटसगरा, नगचुई, मनपहरी, तहसील–कोटा, जिला–बिलासपुर (छ.ग.),

डायरेक्टर, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, वायु विंग, जोरबाग रोड़, नई दिल्ली, मुख्य वन संरक्षक, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर – 19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) में रखी गई है। परियोजना के संबंध में सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां एवं आपत्तियां सूचना प्रकाशन जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया। इस दौरान लोक सुनवाई के संबंध में सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां/आपत्तियों के संबंध में इस कार्यालय को कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हुआ हैं।

लोक सुनवाई हेतु निर्धारित दिनांक 07/09/2022 को समय दोपहर 12:00 बजे शासकीय हाई स्कूल मैदान लिम्हा, ग्राम–लिम्हा, तहसील–तखतपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में आयोजित की गई। लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ की गई।

सर्वप्रथम श्री आर. एस. कुरवंशी, अतिरिक्त कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला–बिलासपुर द्वारा लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ करने की अनुमति के साथ देवव्रत मिश्रा, क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर द्वारा भारत शासन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 (यथा संशोधित) के परिपेक्ष्य में लोक सुनवाई के महत्व एवं प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी जनसामान्य को दी गई।

तत्पश्चात् परियोजना प्रस्तावक की ओर से श्री जगमोहन कुमार चंद्रा, पी. एण्ड एम. सालुशन, नोएडा के द्वारा मेसर्स वंदना इंटरप्राईजेस, (प्रो. श्री सुनील कुमार अग्रवाल, बेलसरा डोलोमाईट स्टोन माईन), ग्राम–बेलसरा, तहसील–तखतपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) परियोजना के संबंध में संक्षिप्त जानकारी जनसामान्य को अवगत कराया गया।

अतिरिक्त कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला–बिलासपुर द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को जनसुनवाई संबंधी विषय पर अपने सुझाव, आपत्ति, विचार, टीका–टिप्पणी मौखिक अथवा लिखित रूप से प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया।

तत्पश्चात् उपस्थित लोगों ने मौखिक रूप से सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां दर्ज कराया गया। जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

1. **श्री जागेश्वर प्रसाद ध्रुव, ग्राम–दर्री** :– मैं अग्रवाल जी के क्रेशर खोले मा मैं अपन पूर्ण सहमत देथव।

2. **श्री शैलेष कुमार बंजारे,** :– मैं क्रेशर/खदान खुलने में समहत हूँ। इसमें मेरे को रोजगार मिलेगा।

3. **श्री आशीष ठाकुर, ग्राम–लिम्हा, सरपंच** :–बेलसरा में जो सुनील भैया डोलोमाईट खोल रहे है आज उसका सुनवाई है, मैं इसका पूर्ण समर्थन करता हूँ इसमें हमारे पर्यावरण में किसी प्रकार को नुकसानी नहीं होगी और जो खदान से पानी जाता है दर्री, खटोला में लगभग 70 से 100 एकड़ के आसपास धान का प्रल्लों होता है। जिसे हमको बहुत सुविधा मिलती है, मेरे हाथ में मेरे पंचायत का बहुत सा प्रस्ताव है, इसको मैं यहां प्रस्तुत करना चाहता हूँ, देना चाहता हूँ।

4. **श्री रविशंकर, ग्राम–उदयपुर** :–हमारे सुनिल कुमार भैया जी यहां क्रेशर खोल रहे है उसको हम समर्थन है।

5. **श्री भारत सिंह मरकाम, सभापति तखतपुर** :– सुनील अग्रवाल जी डोलोमाईट खदान बेलसरा में खोलना चाह रहे है, उसे हमें किसी भी प्रकार की आपत्ति नहीं है। इससे हमारे गांव के आदमी को रोजगार मिलेगा। खनिज निधि की राशि आयेगी उससे गांव का विकास होगा और निरंतर विकास होते रहेगा। जो राशि आ रहा है बेलसरा में, दर्री में, पिछले पंचवर्षीय, पिछले सत्र में लगभग 2.50 एवं 3 करोड़ का काम आया था दर्री में। जो कि बहुत अच्छा गांव में ट्यूबवेल, सी.सी. रोड़, एक अच्छे भवन का निर्माण हुआ है, तो मैं इसका पूर्ण रूप से समर्थन करता हूँ। अपने पंचायत से अनापत्तियों का कुछ व्यक्तियों को साईन लेकर आया हूँ।

6. **श्री पवन बंजारे, ग्राम–बेलसरा** :– जो खदान अभी खुलने वाला है। मैं उसका पूर्ण रूप से समर्थन करता हूँ, क्योंकि गांव के लोगों को रोजगार मिलेगा और ग्राम पंचायत में विकास कार्य के लिए कुछ राशि गौण खनिज के रूप में प्राप्त होती है। इसलिए मैं पूर्ण रूप से समर्थन करता हूँ।

7. **श्री प्रदीप पाटले, ग्राम–बेलसरा, उपसरपंच** :– इस खदान से हमें कोई तकलीफ नहीं है। इसमें हम पूर्ण रूप से सहमत करना चाहते है। इससे ग्राम पंचायत विकास, आने वाले समय में विकास अच्छा से होगा।

8. **श्री प्रवीण कुमार साहू, ग्राम–बेलसरा** :– खदान खुल रहा है, उसमें मेरा पूर्ण समर्थन है।

9. **श्री जितेन्द्र शर्मा, ग्राम पंचायत पाली** :– क्रेशर खुल रहा है, डोलोमाईट उसके लिए मेरा फूल सहमत हॅू।

10. **श्री दिलीप कुमार मरकाम, ग्राम–करनकांपा** :– जो डोलोमाईट खदान खुल रहा है, उसमें सहमत हॅू।

11. **श्री भीषम सिंह पोर्ते, ग्राम–बेलसरा** :– भैया सुनील अग्रवाल खदान में मैं पूरा समर्थन हव। लेकिन एक ठीक और गुजारिश करिहव। भवरकछार वाले रोड़ है ओला थोड़ा तरीका से, मैं अधिकारी मन ला आवेदन करथव। थोडा अच्छा से ध्यान देवव। बहुत रोड कीचड़ हो गये हे। पानी नहीं निकल पाईस। दर्री से आये–जाये मा बहुत तकलीफ होथे।

12. **श्री बलदाऊ राम मरकाम, ग्राम–दर्री** :– सुनील भैया, खदान खोलत हे हमला समर्थन है।

13. **श्री देवराज वैष्णव, ग्राम–बेलसरा** :– सुनील भैया जो खदान खोल रहे है, पूर्ण रूप से मैं सहमत हॅू।

14. **श्री हर्ष बंजारे, ग्राम–बेलसरा** :– हमारे गांव में जो खदान खुल रहा है उसका मैं समर्थन करता हॅू।

15. **श्री शिवकुमार यादव, ग्राम–बेलसरा** :– जेन खदान हमार सुनील भैया खोलत हे प्रस्ताव करत हे, ओखर लिये मैं सहमत हव। लेकिन ओखर साथ–साथ मैं एक निवेदन भी करथव कि डस्ट उडथे, आसपास एक अंधेरा छा जाथे। ओखर लिए कुछ निराकरण करें और खदान के आसपास गड्डा–गड्डा है, रोड़ में ओखर लिए कुछ निराकरण करें। ओखर साथ–साथ जो बाहरी आकर रोजगार करथे। खदान मा रोजगार मिलथे। ये जो निवासी है आसपास के, ओला ज्यादा प्राथमिकता देवय। ऐसा मोर एक मंशा है। ऐसा मोर एक मांग है।

16. **श्री सुखसागर दास मानिकपुरी, ग्राम–बेलसरा** :– अभी जो डाक्टर साहब बोला है, उसमें हम सहमति है, आज तक कोई व्यक्ति बेलसरा का एक भी व्यवसाय खदान में कोई काम नहीं कर रहा है।

17. **श्री रामदास वैष्णव, ग्राम–बेलसरा** :– मेरे को रोजगार मिलता है, मेरे को पूरा समर्थन है।

18. **श्री सुखीराम पोर्ते, ग्राम–खटोला** :– खदान खोलने में कोई आपत्ति नहीं है, मैं सहमति देता हॅू।

19. **श्री इतवारी सिंह मरावी, ग्राम–बेलसरा** :– यह खदान से, मैं सहमत हॅू।

20. **श्री भागवत अंचल, ग्राम–बेलसरा** :– मेरा जो जमीन है। उसमे पवन सेठ अग्रवाल ने रोड़ बनाया है। पूरा गिट्टी और बडे–बडे पत्थर और मलमा पूरा मेरा जमीन है और जो मेरा 12 डिसमिल जमीन निकला है। आर. आई., पटवारी आकर नाप किया है। आज तक मेरे को मुआवजा नहीं मिल रहा है, न मिट्टी को हटा रहा है, न पत्थर को हटा रहा है। रोड़ बनाया है मेरे जमीन में। 12 डिसमिल है जमीन निकले हे रोड़ मा। मोर खेत पर खदान बन रहा है वो भी नहीं बनना चाहिए।

21. **श्री देवीलाल नेताम, सरपंच ग्राम–दर्री** :– जो सुनील भैया खदान खोलना चाह रहे है। उसके बारे में मैं समर्थन हॅू और समर्थन करने से पहले मैं उनसे चाहॅूगा कि गांव में जो खदान/क्रेशर से चलने वाला धूल, मिट्टी है। उसको बताना चाहूंगा कि पौधारोपण, पानी, रोड़ में जो धूल मिट्टी उडता है। उसमें डेली पानी डालना चाहिए। मेरे गांव से कुछ और समर्थन है। यहां से आकर बोल नहीं पा रहे है तो मैं इसको आये हुये सर को देना चाहता हॅू।

22. **श्री सुनील पोर्ते पंच, ग्राम–दर्री, खटोला** :–जो कि क्रेशर सुनील अग्रवाल जी का खुल रहा है। उसमे मेरा समर्थन है। मैं इनका समर्थन करता हॅू। सुनील अग्रवाल जी का क्रेशर लगाया जा रहा है उनके लिए मैं सहमत हॅू। समर्थन है।

23. **श्री सोमनाथ उपाध्याय, ग्राम–लिम्हा** :–सुनील कुमार अग्रवाल का मैं फूल समर्थन करता हॅू।

24. **श्रीमती मालती, ग्राम–टिंगीपुर** :– जो खदान खुले हे, समर्थन है।

25. **श्री सुनील अग्रवाल, बिलासपुर लायंस क्लब** :– जो पीड़ित मानव सेवा करते रहते है और जगह–जगह पर्यावरण का बहुत सारा इन्होंने कार्य किये है। कोरोना काल में हम सब लोग अच्छे से जानते है कि आक्सीजन का क्या महत्व है, तो इन्होंने

भी हम लोग साथ में थे। लोरमी क्षेत्र में एक वनक्षेत्र एरिया है वहां पर 1000 पौधे का वृक्षारोपण किया है, और वहां बहुत से छायादार, फलदार पौधो का रोपण किया गया है, अन्य जगह भी विशेष इनका कार्य होता है। वो अधिकतर पौधा–रोपण पर कार्य करते है। वो हमेशा पीड़ित मानव सेवा में लगे रहते है। तो मैं सुनील अग्रवाल जी का समर्थन चाहता हूॅ।

26. **श्री रोशन खान, ग्राम–पाली** :–ये आंदोलन के संबंध में कुछ कहना चाहूॅगा। अभी तक जितने भी समर्थन आये है। उससे ये साफ जाहिर है, और स्पष्ट दर्शाता भी है, और जो यहां बेलसरा और दर्री के मध्य क्रेशर, गिट्टी खोला गया है। ये महत्वपूर्ण भी है। जो कि आसपास मटेरियल का भी जरूवत पड़ता है। हमें दूर दराज जाना भी पड़ता है। ये हकीकत है। मैं सुनील भैया से आग्रह करना चाहूॅगा कि एक युवा साथी के नाते जो आवागमन का रास्ता है खास करके जो पब्लिक का आने–जाने का रास्ता है। इसको दुरूस्त रखें, डस्ट डाला जाता है उसमें पानी का छिड़काव किया जाये। किसी भी प्रकार से पब्लिक के असुविधा के लिए आप तत्पर रहे और ये हमेशा देखने को भी मिलता है कि सुनील भैया हमेशा तत्पर रहता है। उनसे भी आग्रह करना चाहूॅगा कि इस ओर आवश्य ध्यान दे। आपके क्रेशर खोलने में किसी भी प्रकार का सुनने या दिखाई नहीं दे रहा है। जिससे हम मन ला समर्थन के लिए तत्पर है।

27. **श्री कमलेश कुमार, लायंस क्लब बिलासपुर** :– मैं आदरणीय सुनील अग्रवाल जी का इसलिए समर्थन करता हूॅ कि हमारे लायंस क्लब में मेम्बर भी है, मित्र भी है। प्रायः मानव सेवा में हमेशा लगे रहते है। अभी हॉल में ही इन्होंने काफी वृक्षारोपण किया है। पीड़ितों व्यक्तियों का सेवा भाव करते है। सेवा भाव हमेशा रहता है। हम ऐसा उम्मीद करते है जहां भी ये रहे, अपने ईद–गिर्द पर्यावरण सुरक्षा हो तो ये तत्पर रहते है।

28. **श्री संतोष कश्यप, जनपद सदस्य ग्राम–बेलपान** :– आज जो वंदना इंटरप्राईजेस का जन सुनवाई का कार्यक्रम रखा गया है। मैं इस कार्यक्रम में जो प्रोजेक्ट लगना है उसका मैं समर्थन करता हूॅ। इससे आसपास के लोगों को रोजगार मिलेगा और राजस्व का प्राप्ति भी होगा। इससे क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान भी मिलेगा। लेकिन मेरा एक निवेदन भी रहेगा। जो कि गवर्नमेंट के गाईड लाईन का भी पालन होना चाहिए। जितने प्रोजेक्ट लगे हुए है गवर्नमेंट के गाईड लाईन का पालन फ्यूचर में भी हो। मैं इस प्रोजेक्ट का समर्थन करता हूॅ।

29. **श्री संतोष पाण्डेय, लायंस क्लब बिलासपुर, सचिव** :— सुनील भैया के समर्थन में बोल रहा हूँ। सुनिल भैया लायंस क्लब के बहुत सक्रीय सदस्य है। पर्यावरण पे कार करते रहते है और आश्रित लोगों के लिए भी हमेशा उन्होंने मदद किया है। लायंस क्लब सेवा के लिए कोरोना काल के समय में जो जितने भी जो सेनेटाईजर डोनेट किये थे। उनमें उनका काफी योगदान था और पर्यावरण क्षेत्र के लिए उन्होंने लोरमी क्षेत्र में 1000 नग पौधारोपण का कार्यक्रम किया था। जिसमें लायंस क्लब के सभी सदस्य मौजूद थे। मुझे पूरा विश्वास है कि उनके समर्थन में सारे लोग गांव के सभी उपस्थित रहेंगे और उनका काफी सहयोग करेंगे। जिससे ग्रामीण युवको को रोजगार मिलेगा।

उपरोक्त वक्तव्यों के बाद अतिरिक्त कलेक्टर, जिला—बिलासपुर तथा क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा उपस्थित जन समुदाय से अपने विचार व्यक्त करने का अनुरोध किया गया। किंतु जब कोई भी व्यक्ति अपने विचार व्यक्त करने हेतु उपस्थित नहीं हुआ तब लगभग 2:35 बजे अतिरिक्त कलेक्टर, जिला—बिलासपुर द्वारा लोक सुनवाई के दौरान आये विभिन्न मुद्दों के निराकरण हेतु परियोजना प्रस्तावक को आमंत्रित किया गया।

परियोजना प्रस्तावक की ओर से श्री जगमोहन कुमार चंद्रा, पी. एण्ड एम. सालुशन, नोएडा, मेसर्स वंदना इंटरप्राईजेस, (प्रो. श्री सुनील कुमार अग्रवाल, बेलसरा डोलोमाईट स्टोन माईन), ग्राम—बेलसरा, तहसील—तखतपुर, जिला—बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा परियोजना के संबंध में लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये मुख्य मुद्दों के निराकरण हेतु मौखिक रूप से उपस्थित जन समुदाय को अवगत कराया गया। लगभग 3:00 बजे अतिरिक्त कलेक्टर, जिला—बिलासपुर द्वारा लोकसुनवाई सम्पन्न होने की घोषणा की गई।

लोकसुनवाई स्थल पर लिखित में 322 आवेदन पत्र सुझाव/विचार/टीका—टिप्पणी प्राप्त हुई। स्थल पर उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को आवेदक से परियोजना पर सूचना/स्पष्टीकरण प्राप्त करने का अवसर दिया गया। लोक सुनवाई के दौरान 29 व्यक्तियों के द्वारा मौखिक सुझाव/विचार/टीका—टिप्पणी एवं आपत्तियां अभिव्यक्त की गई, जिसे अभिलिखित किया गया। लोक सुनवाई में लगभग 100—150 व्यक्ति उपस्थित थे। उपस्थिति पत्रक पर कुल 52 व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षर किया गया। आयोजित लोक सुनवाई की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराई गई।

**क्षेत्रीय अधिकारी**
क्षेत्रीय कार्यालय,
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल,
बिलासपुर (छ.ग.)

**अतिरिक्त कलेक्टर,**
कार्यालय कलेक्टर,
जिला—बिलासपुर (छ.ग.)